नेपोटिजम के नाम पर मुझसे नफरत करने वालों को चुप रहकर जवाब दूंगी: अनन्या पांडे

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अभिनेता चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे सोशल मीडिया पर कभी नेपोटिजम को लेकर, कभी बॉडी शेमिंग पर, कभी अपने टैलंट, तो कभी अपने वजन और लुक्स को लेकर ट्रोल होती रही हैं। नवभारतटाइम्स डॉट कॉम से हुई खास बातचीत में अनन्या कहती हैं कि नफरत करने वाले लोग उन्हें अटेंशन दे रहे हैं और यह अटेंशन उनके काम आ रही है। किसी भी तरह का अटेंशन उनके लिए अच्छी है और हेटर्स की बातों से वह किसी भी तरह अफेक्टड नहीं होती हैं।

नेपोटिजम पर गोल-मटोल जवाब देते हुए अनन्या कहती हैं, नेपोटिजम पर मेरा कहना है कि मुझे कभी भी अपने पिता के नाम पर शर्मिंदा महसूस नहीं करना है। उन्होंने (पिता) लाइफ में बहुत संघर्ष किया है। मेरे पिता ने मेरे पैदा होने के बाद काम से ब्रेक लिया था, लेकिन पहले वह स्टार रहे हैं। मुझे कभी उनके काम से कुछ लेना नहीं है। अनन्या का यह जवाब कुछ स्पष्ट नहीं है। वह कहना क्या चाहती हैं यह भी साफ नहीं है।

वह अपनी बात बढ़ाते हुए आगे कहती हैं, मैं बहुत लकी हूं कि मैं उनकी (चंकी पांडे) बेटी हूं और वह मेरे पिता हैं। मैं यही चाहती हूं कि मैं भी अपने पिता की तरह खूब मेहनत करूं और नाम कमाऊं। फाइनली तो दर्शक ही निश्चय करते हैं कि वह किसे कितना पसंद करते हैं। मैंने खुद ही स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 के लिए ऑडिशन दिया था, क्योंकि मुझे पता था कि यह फिल्म बनने वाली है।

मैं 18 साल की थी जब मैंने इस फिल्म के लिए ऑडिशन दिया था। ऑडिशन के दौरान मैं करण और पुनीत सर से मिली, मुझे 2 सीन करने को कहा गया था। पहले सीन में मुझे रोना था और दूसरे में लाउड होना था, उन्हें मेरा ऑडिशन बहुत पसंद आया था। मैंने एक साल तक पुनीत के साथ मिलकर तैयारी की और जब उन्हें लगा कि मैं तैयार हो गई हूं, तब उन्होंने मुझे फाइनल कर लिया।

अनन्या के इस लंबे जवाब से जब कुछ साफ समझ नहीं आया तो हमने फिर से साफ-साफ पूछा, जो लोग कहते हैं आपको चंकी पांडे की बेटी होने के कारण स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 में कास्ट किया गया है। उन लोगों को आप क्या जवाब देंगी?

जवाब में अनन्या कहती हैं, जो मुझे यह कहते हैं कि चंकी पांडे की बेटी होने की वजह से यह फिल्म मुझे मिली है। मैं उन हेटर्स को कोई जवाब नहीं देना चाहती हूं। मुझे लगता है, जो लोग नफरत करते हैं, वह भी मुझे अटेंशन दे रहे हैं। इस अटेंशन में मेरा क्या जा रहा है। मैं अफेक्टड नहीं हो रही हूं। आपको मुझे प्यार देना है या नफरत देना है, जो देना है दो, किसी भी तरह से अटेंशन तो मुझे मिल ही रहा है।

अपनी बात समाप्त करते हुए अनन्या कहती हैं, मुझे लगता है इस मामले में किस-किस को जवाब दूं? कितने लोगों को जवाब दूं? यहां तो लोग मेरे वजन, मेरी बॉडी, मेरे लुक्स के बारे में और मेरे टैलंट के बारे में भी ट्रोल करते हैं, अब मैं हर किसी को तो जवाब नहीं दे सकती। नफरत करने वालों को जवाब न देना ही मेरा जवाब है।

स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 में अनन्या पांडे के अलावा तारा सुतारिया और टाइगर श्रॉफ अहम भूमिका में हैं। पुनीत मल्होत्रा के निर्देशन में तैयार हुई स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 10 मई को देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। यह फिल्म साल 2012 में रिलीज़ हुई स्टूडेंट ऑफ द इयर का अगला भाग है, करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं।

मुंबई में शुरू हुई दीपिका पादुकोण की छपाक की शूटिंग

बॉलिवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इन दिनों डायरेक्टर मेघना गुलजार की फिल्म छपाक की शूटिंग कर रही हैं। पिछले महीने दिल्ली की सख्त गर्मी और पब्लिक के बीच शहर के कई घने इलाकों में फिल्म की शूटिंग की गई है। दिल्ली में शूटिंग के दौरान तमाम लोगों ने छुप कर कई विडियो भी निकाले, जो खूब वायरल भी हुए। अब आज से फिल्म की शूटिंग मुंबई के स्टूडियो में शुरू हो गई है।

फिल्म के कुछ हिस्से को साऊथ मुंबई के इलाकों, जैसे गेटवे ऑफ इंडिया, ताज होटेल, कुलाबा, रीगल सिनेमा, चर्चगेट, हुतात्मा चौक, छत्रपति शिवाजी टर्मिनल, स्टॉक एक्सचेंज सहित मुंबई के कई और आइकॉनिक जगहों में शूट की जाएगी। मुंबई के फेमस मंदिर, दरगाह और चर्च में भी फिल्म को शूट किया जा सकता है। आउटडोर के बाद फिल्म मुंबई के इनडोर स्टूडियों में शूट होगी। फिल्म में दीपिका के साथ विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका हैं, दिल्ली में शूटिंग के दौरान, दीपिका और विक्रांत को अक्सर दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सेट पर देखा जाता रहा है, दोनों का एक किसिंग सीन वाला विडियो जमकर वायरल भी हुआ था। मेघना द्वारा निर्देशित छपाक एसिड अटैक सर्वाइवर लक्ष्मी अग्रवाल की असल कहानी पर आधारित है। दीपिका फिल्म में मालती का किरदार निभाते हुए नजर आएंगी।

25 मार्च को फिल्म का पहला शेड्यूल शुरू हुआ था, तब दीपिका ने छपाक का पहला लुक पेश किया था, जिसमें वह चेहरे पर जलने के निशान के साथ नजर आ रही थीं, दीपिका को अपने इस चुनौतीपूर्ण किरदार के लिए अभी से खूब सराहना प्राप्त हो रही है। लक्ष्मी पर मार्च 2005 में, 15 साल की छोटी उम्र में एसिड से हमला किया गया था। मेघना की यह फिल्म 10 जनवरी 2020 में सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।